**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 15.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **कल से 18 अप्रैल तक चलेगा संसद का विशेष सत्र; महिला आरक्षण विधेयक होगा पेश, महिलाओं में अभूतपूर्व उत्साह, रांची में निकाली गई स्कूटी रैली।**

2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज रांची में होगी राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक, राज्य के विकास से जुड़े कई अहम फैसलों पर लग सकती है मुहर।**

3. **बिहार में सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर जमशेदपुर पूर्वी के जदयू विधायक सरयू राय ने दी प्रतिक्रिया, नीतीश कुमार के कार्यकाल को सराहा।**

4. **धनबाद–बोकारो मुख्य मार्ग पर अचानक धंसी सड़क; पुलिस ने की बैरिकेडिंग, वैकल्पिक मार्ग से भेजे जा रहे हैं वाहन।**

5. **रांची में आज शाम होगा सीए प्रीमियर लीग और फीमेल प्रीमियर लीग के नए सीजन का एलान।**

***********************

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने घोषणा की है कि कल से 18 अप्रैल तक संसद का विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। उन्होंने घोषणा की है कि महिला आरक्षण विधेयक मौजूदा विशेष सत्र में पेश किया जाएगा। नई दिल्ली में उन्होंने बताया कि सभी राजनीतिक दलों ने इस ऐतिहासिक कदम का समर्थन किया है। श्री रिजिजू ने स्पष्ट किया कि महिला सशक्तिकरण की इस प्रक्रिया में अब और देरी नहीं की जाएगी।

***********************

संसद के विशेष सत्र से पहले रांची में नारी शक्ति का अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के नेतृत्व में जेल मोड़ से अल्बर्ट एक्का चौक तक महिलाओं ने स्कूटी रैली निकालकर महिला आरक्षण विधेयक का स्वागत किया। इस मौके पर संजय सेठ ने कहा कि वर्ष 2029 के चुनावों से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा। रैली में शामिल महिलाओं ने इस ऐतिहासिक पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया और इसे अपने अधिकारों की जीत बताया।

***********************

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम की प्रशंसा करते हुए इसे महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए एक मील का पत्थर बताया है। श्री मरांडी ने कहा है कि यह अधिनियम न केवल महिलाओं के सशक्तीकरण का मार्ग प्रशस्त करेगा, बल्कि देश के नीति निर्धारण और विधायी प्रक्रियाओं में उनकी सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित करेगा।

***********************

राजधानी रांची के प्रोजेक्ट भवन में आज दोपहर तीन बजे मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस बैठक में राज्य के विकास और जनहित से जुड़े कई बड़े फैसलों पर चर्चा की जाएगी। राज्यहित में कई प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है।

***********************

रांची में उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा में कथित धांधली को लेकर राजनीति गरमा गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की है।

दूसरी ओर, कांग्रेस ने इसे भाजपा की ओछी राजनीति करार देते हुए कहा कि पुलिस की सक्रियता से ही परीक्षा माफियाओं का पर्दाफाश हुआ है।

***********************

बिहार में सत्ता परिवर्तन और सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने पर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। सरयू राय ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार के विकास के लिए जो काम किया और अपनी जो अलग पहचान बनाई, वैसा मुख्यमंत्री बिहार को दोबारा नहीं मिलेगा। उन्होंने नीतीश कुमार के इस्तीफे को एक युग का अंत बताते हुए उनके कार्यकाल की सराहना की।

***********************

धनबाद–बोकारो मुख्य मार्ग पर आज उस समय अफरा–तफरी मच गई, जब केंदुआडीह थाना के पास मुख्य सड़क का एक हिस्सा लगभग दो फीट तक धंस गया। सड़क धंसने के साथ ही आसपास के इलाकों में लंबी दरारें भी देखी गई हैं, जिससे स्थानीय निवासियों में दहशत है। सुरक्षा के मद्देनजर केंदुआडीह पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सड़क के दोनों ओर बैरिकेडिंग लगा दी है। प्रशासन ने इस मार्ग पर आवागमन को पूरी तरह से रोक दिया है और बोकारो की ओर जाने वाले वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा सड़क धंसने के कारणों की जांच की जा रही है।

***********************

हजारीबाग रेंज के डीआईजी अंजनी कुमार झा ने आज रामगढ़ में पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने जिले में सक्रिय आपराधिक गिरोहों और संगठित अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने का निर्देश दिया। डीआईजी ने विशेष रूप से कोयला अंचल में रंगदारी और अवैध माइनिंग से जुड़े अपराधियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और गश्त तेज करने की बात कही।

***********************

चतरा पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। जिले के लावालौंग में छापेमारी के दौरान आठ किलो से अधिक गीला अफीम, 370 किलो डोडा और 109 किलो पोस्ता दाना बरामद किया गया है। एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि इस कार्रवाई से अंतर्राज्यीय तस्कर गिरोह के नेटवर्क को बड़ा नुकसान पहुंचाया है।

***********************

आज सुबह के सत्र में सकारात्मक वैश्विक संकेतों के चलते घरेलू शेयर बाजार डेढ़ प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स 1 हजार 158 अंक बढ़कर 78 हजार 6 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 360 अंक बढ़कर 24 हजार 203 पर पहुंच गया।

***********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 42 हजार रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 62 हजार रूपये प्रति किलो है।

***********************

राज्य में अगले पांच दिनों में पारा तेजी से चढ़ने वाला है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। 17 और 18 अप्रैल को राजधानी रांची, खूंटी, पलामू और जमशेदपुर समेत राज्य के 12 जिलों में भीषण लू चलने की संभावना है। हालांकि, 17 अप्रैल को उत्तर–पूर्वी हिस्सों में आंशिक बादल छाने और गरज के साथ हल्की बारिश से कुछ राहत मिल सकती है। प्रशासन ने लोगों को दोपहर 12 से 3 बजे के बीच धूप में निकलने से बचने की सलाह दी है।

***********************

राजधानी रांची के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अब क्रिकेट के मैदान में अपना दम दिखाएंगे। रांची चार्टर्ड अकाउंटेंट्स प्रीमियर लीग के नौवें सीजन और फीमेल प्रीमियर लीग के छठे सीजन के शुभारंभ को लेकर आज शाम साढ़े चार बजे रांची क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। इस दौरान टूर्नामेंट की रूपरेखा, हिस्सा लेने वाली टीमों और महिला व पुरुष खिलाड़ियों के लिए आयोजित होने वाले विशेष मुकाबलों की विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी।

********समाप्त***************